कार्यालय वनमण्डलाधिकारी उत्तर सामान्य वनमण्डल बालाघाट म.प्र.

Telephone No. : (07632) 247044, 247487 Fax No. : (07632) 247487

E-mail : dfotnbghat@mp.gov.in, dfontbgt@yahoo.co.in

क्रमांक / मा.चि.–1 / 403 बालाघाट, दिनांक 5 / 03 / 2019

प्रति,

मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन वनसंरक्षक
बालाघाट वृत्त, बालाघाट

विषय :– बालाघाट जिले के उत्तर (सामान्य) वनमण्डल के वन परिक्षेत्र पश्चिम बैहर क्षेत्रांतर्गत वनकक्ष क्रमांक 1491 में से रकबा 40.468 हेक्टेयर वनक्षेत्र पर बॉक्साईड खनिज उत्खनन हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम के तहत वनभूमि व्यपवर्तन का आनलाईन प्रस्ताव

संदर्भ :– आपका पत्र .क्र. / मा.चि. / 2903 दिनांक 22.09.2017 एवं पत्र क्रमांक / मा.चि. / 3289 दिनांक 31.08. 2018

---000---

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र से प्राप्त निर्देशानुसार प्रकरण में पाई गई कमियों की निम्नानुसार पूर्ति करते हुये पुनरीक्षित प्रस्ताव 4 प्रतियों में संलग्न सम्प्रेषित है :–

1. पूर्व में प्रेषित प्रस्ताव में वनकक्ष क्रमांक 1491 में प्रस्तावित वनक्षेत्र रकबा 40.468 हेक्टेयर में से रकबा 1.374 हेक्टेयर Non Minable area को कम करते हुये आवेदक विभाग द्वारा प्रस्तुत पुनरीक्षित प्रस्ताव में वनकक्ष क्रमांक 1491 में ही लम्बाई 3434 मीटर, चौड़ाई 4 मीटर कुल क्षेत्रफल 13,736 वर्गमीटर (1.374 हेक्टेयर) वनभूमि निकासी मार्ग हेतु प्रस्ताव में शामिल करते हुये पुनरीक्षित प्रस्ताव 40.468 हेक्टेयर वनभूमि व्यपवर्तन हेतु प्रस्तुत किया गया है।
2. प्रस्ताव में आवेदित क्षेत्र की सीमा से कान्हा नेशनल पार्क की सीमा 18.6 किलोमीटर दूरी पर एवं बफरजोन की सीमा 12.2 किलोमीटर दूरी पर है। प्रस्तावित आवेदित क्षेत्र की सीमा से 1500 मीटर पर प्रस्तावित कान्हा पेंच रिजर्व कॉरीडोर वनकक्ष की सीमा आती है। भारतीय सर्वेक्षण विभाग की स्केल 1:50,000 की टोपोशीट पर आवेदित क्षेत्र से 10 किलोमीटर की परिधि दर्शाई गई है।
3. आपके पत्र क्रमांक / मा.चि. / 3289 दिनांक 31.08.2018 प्राप्त निर्देशानुसार प्रस्ताव में वनभूमि के एवज में प्रस्तावित गैरवनभूमि (निजीभूमि) पर क्षतिपूरक वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु वर्ष 2020–21 से 2029–30 तक 10 वर्षीय पुनरीक्षित योजना तैयार कर प्रस्ताव के साथ संलग्न है।
4. प्रस्तावित वनक्षेत्र रकबा 40.468 हेक्टेयर में प्रभावित वृक्षों की संख्या निम्नानुसार है :–

1.	पूर्व में प्रस्तावित वनक्षेत्र रकबा 40.468 हेक्टेयर में प्रभावित वृक्ष संख्या	–	10769
2.	निकासी मार्ग हेतु प्रस्तावित वनक्षेत्र रकबा 1.374 हेक्टेयर में प्रभावित वृक्ष संख्या	–	43
3.	Non Minable area 1.374 हेक्टेयर में प्रभावित वृक्ष संख्या	–	(–) 41
	पुनरीक्षित प्रस्ताव में प्रस्तावित रकबा 40.468 हेक्टेयर में प्रभावित वृक्ष संख्या	–	10771 वृक्ष

उपरोक्तानुसार प्रस्तावित वनभूमि पर विद्यमान प्रभावित वृक्षों का प्रजातिवार गणना पत्रक प्रस्ताव के साथ संलग्न है।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार प्रस्ताव

(एस.के.एस. तिवारी)
भा.व.से.
वनमण्डलाधिकारी
उत्तर वनमण्डल (सा.) बालाघाट